### एक नजर में

## पासी समाज का दिवाली मिलन समारोह सम्पन्न



इंदौर. रविवार को एक गरिमामय समारोह में अखिल भारतीय पासी समाज इन्दौर की बैठक पासी समाज मांगलिक भवन विनोबा नगर बड़ीग्वालटोली में आयोजित की गई. उक्त दिवाली मिलन कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव गुलाब चौधरी, पासी समाज महिला शाखा मध्य प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया, पूर्व पार्षद राधे बौरासी, पूर्व एल्डरमेन नंदू बौरासी, प्रदेश महामंत्री राजाराम बौरासी, जिला अध्यक्ष दिलीप बौरासी, सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष परसराम वर्मा, उपाध्यक्ष धीरज बौरासी, महिला शाखा अध्यक्ष सरिता कैथवास, उपाध्यक्ष लता कैथवास, लक्ष्मी वर्मा, कोषाध्यक्ष लेखराज बौरासी, महेश वर्मा, संतोष बौरासी के साथ समाज के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे. वहीं दिवाली मिलन समारोह भी मनाया गया. इसी मौके पर मध्य प्रदेश महिला शाखा की नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए.

## इंटर स्कूल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन



इंदौर. चमेली देवी समूह संस्थानों द्वारा आयोजित सीडीजीआई इंटर स्कूल स्पोर्ट्स मीट 2.0 का शुभारंभ हुआ. यह चार दिवसीय खेल महोत्सव खिलाड़ियों के जोश और उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पद्मश्री डॉ. सत्येंद्र सिंह लोहिया, अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक तैराक, ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एक सच्चा खिलाड़ी कभी हार नहीं मानता, चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी विपरीत क्यों न हों. कार्यक्रम में संस्था की मैनेजमेंट प्रतिनिधि अनुशा अग्रवाल, निरीक्षक राधा जमोद नारकोटिक्स विंग, एमपी पुलिस, एसआई शिवम ठाकुर, संस्था के प्राचार्य डॉ. मनीष श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे. इस आयोजन में इंदौर के लगभग 2000 से अधिक स्कूल खिलाड़ियों ने भाग लिया. प्रतियोगिता के दौरान विजेताओं को 5 लाख रुपए की इनामी राशि प्रदान की जाएगी. खेल महोत्सव की शुरुआत कबड्डी, वॉलीबॉल और क्रिकेट मुकाबलों से हुई, जिनमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया. कार्यक्रम का संचालन खेल अधिकारी जामिल खान ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्रो. अर्पित जायसवाल द्वारा किया गया.

## ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन के लिए मार्गदर्शन सेमिनार 22 को



इंदौर. आगामी 30 नवंबर को होने वाली ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन की परीक्षा के लिए मार्गदर्शन और ब्रेन, मेमोरी पावर को कैसे बढ़ाया जाए इस पर 22 नवंबर को एक महत्वपूर्ण सेशन आयोजित किया जाएगा। उपरोक्त दोनों सेशन निःशुल्क रखे गए हैं, सिर्फ प्रतिभागियों को व्यवस्था शुल्क के साथ रजिस्ट्रेशन करना है. सेमिनार का आयोजन एडवोकेट दिनेश मेहर द्वारा किया जा रहा है जिसमें विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित इंदौर हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं विधि विशेषज्ञ पंकज वाधवानी द्वारा ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन के लिए पहले ही प्रयास में पास किए जाने की टिप्स दी जाएगी तथा कानून के बेयर एक्ट कैसे पढ़े, महत्वपूर्ण केस लॉ को कैसे याद रखें इसके बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी. यह आयोजन समस्त विधि विद्यार्थियों के लिए खुला रखा गया है जो कि इंदौर प्रेस क्लब के पास, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, उत्सव महफिल रेस्टोरेंट में शाम 4 से 7 तक होगा। इस कार्यक्रम में ब्रेन, मेमोरी पावर पर एक विशेष सेमिनार की प्रस्तुति एडवोकेट दिनेश मेहर द्वारा दी जाएगी. मेहर द्वारा बताया गया हमारे मस्तिष्क में भूलने की समस्या नहीं है समस्या केवल इस बात की की जो सूचना हमने मस्तिष्क में स्टोर कर रखी है उसे समय पर कैसे रिकॉल करें कि कई बार विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन न होने के कारण असफलता का सामना करना पड़ता है.

## अग्नि सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन की कार्रवाई

इंदौर. आज जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कल एसिड फैक्ट्री में लगी आग के बाद फायर सेफ्टी को लेकर कार्रवाई की. इसके तहत 10 इंडस्ट्री, फैक्ट्रियों और गोडाउन सील किए है. साथ ही शहर में सभी उद्योगपति और व्यापारियों से फायर सेफ्टी की व्यवस्था करने का आग्रह किया है. कल केट रोड पर एसिड फैक्ट्री में आग लगने से दो महिलाओं सहित तीन व्यक्ति जलकर भस्म हो गए. इसके बाद प्रशासन के नींद खुली और अग्नि सुरक्षा करने के लिए अधिकारियों को छुट्टी के दिन दौड़ाया गया. कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर आज अग्नि सुरक्षा का विशेष जांच अभियान शुरू किया गया है. अभियान में सभी एसडीएम द्वारा विभिन्न औद्योगिक, व्यावसायिक और गोडाउन की जांच शुरू की गई.



## औदुम्बर ब्राह्मण समाज के अन्नकूट में ली गई झूठा न डालने की शपथ

**इंदौर. श्री औदुम्बर ब्राह्मण समाज का अन्नकूट स्थानीय महासभा भवन जूनी इंदौर में किया गया.**

यह जानकारी समाज अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने दी. उन्होंने बताया कि पंडित मयंक जोशी द्वारा पूजा अर्चना संपादित की गई जजमान नरेंद्र चौधरी एवं ज्योति चौधरी थे. अन्नकूट में हजारों समाज जनों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की. समाज के योगेश द्विवेदी ने उपस्थित समाज जनों को झूठा न डालने की शपथ दिलाई.

इस अवसर पर विधायक गोलू शुक्ला मालिनी गौड़ तथा अखिल भारतीय औदुम्बर ब्राह्मण महासंघ अध्यक्ष प्रदीप जोशी, महासचिव उमेश द्विवेदी, सतीश जोशी, वरिष्ठ नागरिक मंच अध्यक्ष जगदीश चंद्र जोशी, मनीष पाठक, तुषार जोशी, अर्पित चौधरी, महेंद्र उपाध्याय, अंशु दुबे, ऋजुा पंडित, देवास एवं रंगवासा समाज अध्यक्ष अशोक चौधरी, घनश्याम जोशी सहित सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे.

# दसई पुलिस का कारनामा, पीट-पीटकर हाथ तोड़ दिए और पुलिस ने रिपोर्ट तक नहीं लिखी

**धार** । देशभक्ति जन सेवा की शपथ लेकर वर्दी पहनने वाले पुलिसकर्मी अब अपनी शपथ भूलकर अपराधियों पर मेहरबान बने हुए हैं जिससे आम जनता अन्याय का शिकार हो रही है। मीडिया के माध्यम से आए दिन ऐसे मामले प्रकाश में आते रहते हैं ऐसा ही एक मामला धार जिले की दसई चौकी क्षेत्र में देखने को मिला यहां एक गांव में पति-पत्नी को कुछ लोगों ने बेरहमी से पिटा जिसमें दोनों पति-पत्नी के हाथ हड्डी टूट गई व अन्य जगह भी गंभीर चोटे आई बेहोशी की हालत में उन्हें अस्पताल भर्ती किया गया लेकिन उनकी गंभीर



हालत होने के कारण उन्हें धार के भोज अस्पताल में भर्ती किया गया जहां पर ऑपरेशन कर पत्नी के हाथ में राड डाली गई वही पति को भी पट्टा चढ़ाया गया इतनी गंभीर मारपीट के बावजूद भी दसई पुलिस चौकी में उपस्थित पुलिसकर्मियों ने इन दोनों घायल आदिवासी पति पत्नि की रिपोर्ट तक नहीं लिखी वहीं भोज अस्पताल में भी जिन पुलिसकर्मी की ड्यूटी है जो घायल पीड़ितों के बयान लेकर संबंधित थाने पर पहुंचाते है। उन पुलिसकर्मी ने भी अपनी ड्यूटी नहीं निभाई ऐसे में दसई चौकी के पुलिसकर्मियों के साथ-साथ भोज अस्पताल की पुलिस चौकी में पदस्थ पुलिसकर्मी भी शंका के घेरे में है।

> सूचना देने के बाद भी भोज अस्पताल पुलिस चौकी पर पदस्थ पुलिसकर्मी बयान लेने के लिए नहीं आए ऐसे में अब पीड़ितों के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत की जा रही है अब देखा यह है कि वरिष्ठ अधिकारी भी इस मामले में गंभीरता दिखाते हैं या वह भी इन पुलिसकर्मियों की तरह पीड़ति गरीब आदिवासी पति-पत्नी की पीडा को अनसुनी कर देंगे ?

# पूर्ण गणवेश व अनुशासन के साथ निकला बाल स्वयं सेवकों का पथ संचलन

**धार** । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल पूरे होने पर रविवार को धार में दूसरा भव्य पथ संचलन निकला। इसमें बाल स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। इससे पहले संघ का पहला संचलन निकल चुका है। दूसरे संचलन में हजारों बालक एक जैसी वेशभूषा में अनुशासन के साथ आगे बढ़े। पूरे शहर में देशभक्ति का माहौल बन गया और शहर भारत माता की जय के नारों से गूंजा। इस दिन धार देशभक्ति के रंग में रंगा रहा। ये सिर्फ एक संचलन नहीं, बल्कि ऐसा दृश्य था जिसने हर किसी के दिल में देशप्रेम की लहर जगा दी। हजारों स्वयंसेवक एक जैसी वेशभूषा में कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। घोष की गूंजती धुनों ने माहौल को और भी जोश से भर दिया। संचलन कई वाहिनी में बंटा हुआ था, लेकिन



सभी वाहिनी एक समान अनुशासन में आगे बढ़ती नजर आई। यहां किला ग्राउंड पर मुख्य वक्ता के रुप में विभाग बाल कार्य प्रमुख शैलेंद्र शांडिल्य, अतिथि गिरीश बिडकर, नगर कार्यवाह गोपाल जी डोड सम्मिलित हुए। मुख्य वक्ता श्शैलेंद्र जी शांडिल्य ने बाल स्वयंसेवकों से कहा कि छत्रपति शिवाजी ने छोटी उम्र में ही अपनी माता को विश्वास दिलाया था कि मुग़लों से भारत को मुक्त कराऊंगा। आने वाले भारत का गौरव ही बाल स्वयंसेवकों के हाथ में ही है। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना के बाद संघ ने बच्चों की शाखा प्रारंभ की। संघ के 100 वर्ष हो गए हैं। बाल स्वयंसेवक ही भारत का भविष्य है।



फूलों से सजी सड़कें, रंगोली और तालियों से स्वागत बाल सेवकों का हुआ स्वागत रंगोली और आरती उतारते हुई माताएं-बहने सहित संपूर्ण हिंदू समाज ने बाल स्वयंसेवकों का स्वागत किया। संघ की स्थापना 1925 में डा. केशवराव हेडगेवार ने की थी। अब 100 साल पूरे होने पर धार में हुआ, ये आयोजन ऐतिहासिक बन गया। शहरभर के नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों और धार्मिक समितियों ने स्वयंसेवकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। कहीं रंगोली बनाई गई, कहीं फूलों की वर्षा हुई, तो कहीं तालियों से अभिवादन किया गया। पूरा शहर मानो फूलों से सज गया।

> **2000 से अधिक बाल स्वयंसेवक हुए शामिल**
>
> धार की 14 बस्तियों और 136 मोहल्लों से करीब 2000 स्वयंसेवक इस संचलन में शामिल हुए। यात्रा प्रमुख मार्गों से होकर वापस किला मैदान पर समाप्त हुई। हर जगह लोगों ने गर्व से स्वयंसेवकों का स्वागत किया। संचलन के दौरान सड़कों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग छतों से फूल बरसाते नजर आए, बच्चे भारत माता के जयघोष लगाते रहे। घोषवादकों की धुनों ने माहौल में जोश भर दिया। जब 'श्रीराम' और 'शिवरंजनी' जैसे राग बजे, तो पूरा शहर उस धुन में खो गया। स्वयंसेवकों का अनुशासन और तालमेल हर किसी के लिए प्रेरणादायक रहा।

## स्कोडा की सालाना बिक्री ने बनाया नया रिकॉर्ड

इंदौर. वर्ष 2025, स्कोडा ऑटो इंडिया के लिए ऐतिहासिक रहा है- कंपनी ने भारत में अपने 25 साल पूरे किए हैं. इसी वर्ष के अक्टूबर महीने में ब्रांड ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की, देश में अपनी अब तक की सर्वाधिक वार्षिक बिक्री का आंकड़ा पार किया. जनवरी से अक्टूबर 2025 के बीच स्कोडा ऑटो इंडिया ने 61,607 वाहनों की बिक्री दर्ज की. यह उपलब्धि कंपनी के अब तक के सर्वश्रेष्ठ तिमाही और अर्धवार्षिक प्रदर्शन के बाद आई है. अक्टूबर 2025 में 8,252 से अधिक यूनिट्स की बिक्री के साथ स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी अब तक की सबसे बड़ी मासिक बिक्री भी दर्ज की है.



## प्रधानमंत्री आवास जांच पर पहुंचे जनपद सीईओ

**सरदारपुर** । मुख्य कार्यपालन अधिकारी,जोसवा,पिटर महोदय द्वारा ग्राम पंचायत दसई में औचक निरीक्षण किया गया जिसमें सीएम हेल्पलाइन की शिकायतकर्ताओं से चर्चा की गई सरपंच सचिव को निर्देशित किया गया तत्काल शिकायत संतुष्टि पूर्वक बंद करना सुनिश्चित करें प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत चल रहे उन

आवासों का निरीक्षण किया गया समय सीमा पर पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए ग्राम पंचायत द्वारा किएजा रहे हैं निर्माण कार्य का निरक्षण किया गया निरीक्षण में सरपंच सचिव को गुणवत्ता पूर्वक एवं शीघ्र ही कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए, सीएम हेल्पलाइन की शिकायत का जल्द करें निराकरण, ग्राम पंचायत दसई में शिकायत इस बात को दर्शाती हे कि ग्राम पंचायत में कितना विकास हो रहा है वही फिर ग्राम पंचायत दसई के जागरूक नेता ग्राम पंचायत दसई के समर्थन में जनपद से मुलाकात की विकास की गंगा की जानकारी दी



## कोठारी परिवार के सुपुत्र सुरेश चंद कोठारी का दीक्षा ग्रहण

**सरदारपुर** । धार जिले के रिंगनोद के कोठारी परिवार के सुपुत्र सुरेश चंद कोठारी का दीक्षा ग्रहण करने से पूर्व अपने पैतृक गांव रिंगनोद में परिवारजनों एवं समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा एवं वर्षीदान वरघोडा निकाला गया , इस दौरान सुरेश कोठारी का नगर वासियों द्वारा जगह जगह बहुमान किया गया तथा वरघोडे में पालकी में विराजित प्रभु की प्रतिमा के समक्ष गहुली की गई , सुरेश कोठारी रिंगनोद में ही पले ब? हुए व शिक्षित हुए व केबल टीवी आपरेटर व अनाज व्यापारी के रूप में कार्य किया , इनके दो पुत्र जो उच्च शिक्षा ग्रहण कर इंदौर में निवासरत हैं , सुरेश कोठारी की दीक्षा इंदौर में आचार्य श्रीविश्वरत्न सागर सुरिश्वर जी महाराज साहेब के सानिध्य में 15 नवम्बर को होने वाली है , वर्षीदान वरघोडा के नगर भ्रमण के पश्चात डांगी जैन धर्मशाला में साध्वी श्री तारणरत्ना श्रीजी एंव साध्वी श्री सोम्यरत्ना श्रीजी की निश्रा मे धर्मसभा हुई मंगलाचरण के पश्चात धर्म सभा को समाज के कई लोगों द्वारा भी संबोधित किया गया । आज प्रात: जैन धर्मशाला में आयोजित कोठारी परिवार द्वारा नवकारसी एवं पारस कुमार शांतिलाल कोठारी द्वारा स्वामीवात्सल्य का आयोजन किया गया इस आयोजन में नगर के साथ-साथ बाहर से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पधारे या उपस्थित रहे ।

## मंडी रोड नागदा पर धूमधाम से मनाया बाबा खाटू श्याम जन्मोत्सव

**नागदा धार** । देवउठनी एकादशी के पावन पर्व पर नागदा श्याम प्रेमियों द्वारा मंडी रोड नागदा पर बाबा खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया । रात्रि ठीक आठ बजे बाबा का आकर्षक श्रंगार कर फूलों से सजाया गया, बाबा का श्याम प्रेमियों ने मिलकर केक काटा, बाबा की ज्योत जलाई गई, सभी प्रेमियों ने आहुति दी पश्चात बाबा की महाआरती की गई, बाबा की जयकारों के साथ जयकारे लगाए, पश्चात महाआरती कर चूरमा एवं मिठाई की प्रसाद वितरित की गई ।



एक नजर | जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया, पंथ संचलन चार किमी निकला

# नागदा में संघ शताब्दी वर्ष पर निकला भव्य पथ संचलन

**नागदा( धार )** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर नागदा में नागदा मण्डल द्वारा पथ संचलन निकाला गया । बड़ी संख्या में स्वयंसेवक अनुशासन में नगर के मुख्य मार्गों से निकले। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।इसमें 1 किमी लंबी कतार में संघ के स्वयंसेवक चल रहे थे, पथ संचलन ने 4 किमी दूरी तय की।

नगर के सोमनाथ गार्डन में शुबह 10 बजे स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण हुआ। शुरुआत में ध्वज प्रणाम व संगठन गीत किया गया। ।मंचासीन कानवन खंड के माननीय संघ चालक पंकज जी जैन कार्यक्रम की अध्यक्षता विजेंद्र सिंह डोडिया क?ोदखुर्द एवं मुख्य वक्ता विभाग पर्यावरण



संरक्षण गतिविधि प्रमुख अर्पित जी पुजारी मौजूद रहे। मुख्य शिक्षक बग्धीराम कुमावत ,प्रधान प्रमुख प्रतीक जी चौहान, अमृत वचन वरुण शर्मा द्वारा दिया गया । गीत यश भाटी एवं परिचय मंडल कार्यवाह रितेश दगदी द्वारा कराया गया ।

मुख्य वक्ता अर्पित जी पुजारी ने कहा कि संघ के 100 वर्ष पूर्ण हो गए है, लेकिन समाज को संगठित करने का कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर आकर संगठित होने को आवश्यकता पर जोर दिया।



मुख्य वक्ता ने समाज मे परिवर्तन के पांच मंत्र दिए साथ ही पंचपरिवर्तन का आग्रह किया उन्होंने कहा संघ में कोई आज आएगा कोई कल आएगा, हमारा काम तत्वनिष्ठा पर आधारित है, इसलीए जो आज हमारा नहीं है वो कल हमारा होगा, यही धारणा रखकर संघ कार्य आगे बढ़ाना चाहीए । साथ ही संघ ने समाज को संगठित किया है और समाज की सामूहिक शक्ति का निर्माण किया है ताकि हमारा राष्ट्र सदैव विजयी रहे।

**पुष्पवर्षा से स्वागत**-30 से अधिक स्थानों पर समाज जन, मातृशक्ति एवं स्वयं सेवी संगठनों द्वारा पथ संचलन का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। नगर के प्रमुख मार्ग से पथ संचलन निकला उस मार्ग पर लोगों ने दोनों और खड़े होकर पुष्पवर्षा की। साथ ही मार्ग पर जगह-जगह रंगोली भी बनाई।

सोमनाथ गार्डन से 11 बजे घोष के साथ पथ संचलन की शुरुआत की गई। इसमें स्वयंसेवक हाथों में दंड लिए पूर्ण गणवेश में अनुशासित तरीके से चल रहे थे इस दौरान भारत माता का जयघोष गूंजा। पथ संचलन में करीब 400 से अधिक स्वयंसेवक शामिल हुए। पथ संचलन के दौरान शहर में सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। संचलन मार्ग व चौराहों पर कानवन थाने के पुलिस जवान तैनात थे।